सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 भाद्र 6, गुरुवार, शाके 1947–अगस्त 28, 2025 अंक 22
Vol. 77 Bhadra 6, Thursday, Saka 1947–August 28, 2025 No. 22

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं ईश्वर राम पुत्र श्री रूपा राम, उम्र 35 वर्ष, जाति–जाट निवासी जाटों की ढ़ाणी, ग्राम खाबड़ा खुर्द, तहसील औसियां, जिला जोधपुर का रहने वाला शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि :–

1. यह है कि सुमित्रा मेरी जाईन्दा पुत्री है, जो कि नाबालिग है एवं विद्यालय में अध्ययनरत है।
2. यह है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजात् में उसका नाम सुमित्रा दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड में उसका नाम समता अंकित हैं। मेरी पुत्री सुमित्रा और समता दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हैं। अब मैंने अपनी पुत्री का नाम समता से सुमित्रा रख लिया है जो कि मेरी उक्त पुत्री का सही, वास्तविक एवं दस्तावेजी नाम है।
3. यह है कि अब मैं अपनी पुत्री सुमित्रा के आधार कार्ड में उसका नाम समता के स्थान पर उसका सही व वास्तविक नाम सुमित्रा अंकित करवाना चाहता हूँ।
4. यह है कि मेरी पुत्री के नाम के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का वाद–विवाद होता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व रहेगी।

ईश्वरराम
शपथकर्ता

तस्दीक

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक तस्दीक करता हूँ कि उक्त शपथ–पत्र में वर्णित तमाम वाक्यात मेरी निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य हैं, ईश्वर सत्य बोलने में मेरी मदद करें।

ईश्वरराम
शपथकर्ता

ATTESTED
GOVIND LAL JOSHI
18-07-2025
NOTARY, JODHPUR.
11888

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।